# एनएसटीआई (महिला), इंदौर में कौशल दीक्षांत समारोह 2025 का आयोजन




कौशल दीक्षांत समारोह – 2025 का आयोजन राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), इंदौर में किया गया, जिसमें क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम (CTS) एवं क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (CITS) सत्र 2024 के सफल एवं उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री शंकर लालवानी, माननीय सांसद, इंदौर मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में श्री डी. एल. मीना, क्षेत्रीय निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, आर.डी.एस.डी.ई. मध्य प्रदेश ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता सुश्री नैना नागपाल, उपनिदेशक एवं प्राचार्य, एनएसटीआई (महिला), इंदौर द्वारा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण से हुआ। विशिष्ट अतिथि श्री मीना ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षुओं को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। सुश्री नागपाल ने अपने उद्बोधन में दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए "स्किलिंग फॉर लाइफ" की अवधारणा को रेखांकित किया।

प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न विभिन्न ट्रेड्स के सफल प्रशिक्षुओं एवं शीर्ष स्थान प्राप्त करने वालों को प्रदान किए गए। वर्तमान बैच की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समारोह में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किया।

अंत में आभार प्रदर्शन के साथ समारोह का सफल समापन हुआ। यह दिन संस्थान एवं प्रशिक्षुओं के लिए गर्व और उपलब्धि का क्षण रहा।




Skill India




Skill India





***